हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 278 देहरादून, शनिवार, 29 अप्रैल, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



उत्तराखंड के उत्तरकाशी को एफ.एम की मिली सौगात 3

# एफएम ट्रांसमीटर से सरकारी योजनाओं से जुड़ने में लोगों को होगी आसानी : धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 29 अप्रैल , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शुक्रवार को देश के 18 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में 91 एफएम ट्रांसमीटरों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल प्रतिभाग किया। जिन 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया गया उनमें उत्तरकाशी में स्थापित एफएम ट्रांसमीटर भी शामिल है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम के पश्चात कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज जिन 91 एफएम ट्रासंमीटरों का उद्घाटन किया गया, इससे करोड़ों लोग जुड़ेंगे। इससे सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने में लोगों को आसानी होगी। कनेक्टिविटी को बढ़ाने का यह एक मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि इससे सोशल एवं कल्चरल कनेटिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी सीमांत जनपद होने के नाते सीमांत क्षेत्र के लोगों को सुविधा होने के साथ ही एफएम ट्रासंमीटर की सुविधा होने से अब एक बड़े क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा।






## Y-20 इण्डिया शिखर सम्मेलन के लिए के लिए एम्स ऋषिकेश में जुटेंगे देश दुनिया के युवा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 29 अप्रैल , मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में युवा कार्यक्रम और खेल, मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत 5 मई, 2023 को एम्स, ऋषिकेश में आयोजित होने वाले यूथ-20(Youth-20), जो कि भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी-20 सम्मेलन का हिस्सा है, की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान बताया गया कि Y-20 इण्डिया शिखर सम्मेलन में देश के सभी राज्यों सहित विश्वभर के युवा प्रतिभाग करेंगे।मुख्य सचिव ने कहा कि यह सम्मेलन उत्तराखण्ड में आयोजित हो रहा है। इसे देश और प्रदेश की छवि को दुनियाभर में प्रस्तुत करने का अवसर के तौर पर देखा जाना चाहिए। उत्तराखण्ड एक पर्यटन प्रदेश होने के नाते हमें प्रदेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक सुन्दरता का देश और विदेश तक पहुंचाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों का स्वागत और रहने आदि की व्यवस्था उचित प्रकार से की जानी चाहिए। देश और विदेश से आने वाले सभी प्रतिभागियों को एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डों में हेल्प डेस्क उपलब्ध करायी जाए, ताकि उन्हें कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो।

मुख्य सचिव ने पर्यटन, कृषि और उद्योग विभाग को कार्यक्रम के दौरान स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए जाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के समापन के बाद जब वे यहां से जाएं तो उनके मन में प्रदेश और यहां की कला एवं संस्कृति की एक अच्छी छवि जाए। चारधाम यात्रा के दौरान ऋषिकेश में कार्यक्रम आयोजित होने से प्रतिभागियों को जाम जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े इसके लिए विशेष प्रबन्ध किए जाएं। उन्होंने प्रतिभागियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के इंतजाम भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण अभिनव कुमार, सचिव दिलीप जावलकर, डॉ.बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, दीपेन्द्र कुमार चौधरी, अपर सचिव सी. रविशंकर, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर, उपाध्यक्ष एमडीडीए एवं महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित एवं एम्स, ऋषिकेश से डॉ. वंदना ढींगरा एवं डॉ. विनोद कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## चारधाम : 54 बसों में रवाना हुए 1720 तीर्थयात्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। चारधाम दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों के ऋषिकेश पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को भी 54 बसें 1720 यात्रियों को लेकर ऋषिकेश से धामों के लिए रवाना हुई। अभी तक करीब 520 बसों में 16 हजार से ज्यादा यात्री तीर्थदर्शन के लिए जा चुके हैं। देश-दुनिया से चारधाम दर्शन और पूजन के लिए यात्री प्रवेश द्वार ऋषिकेश पहुंच रहे हैं। यहां संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के माध्यम से यात्री को बसों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हररोज 50 से अधिक बसें धामों के लिए रवाना हो रही हैं। संयुक्त रोटेशन समिति के अध्यक्ष संजय शास्त्री ने बताया कि फिलहाल यात्रा आवागमन सेवा पर्याप्त है। यात्रा के लिए पहुंचने वाले हर यात्री को बस आसानी से उपलब्ध हो रही है। नौ निजी परिवहन कंपनियों के संयुक्त रोटेशन ने चारधाम यात्रियों के लिए 15 सौ से ज्यादा बसों का बेड़ा तैयार किया है। शास्त्री ने दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों से सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। बताया कि इस बाबत समिति के सदस्य और बस चालक-परिचालक भी यात्रियों को जागरूक कर रहे हैं।

## मौसम की चुनौतियों के बाद भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह, अब तक 1.66 लाख से अधिक ने किए दर्शन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। अब तक 1.66 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में दर्शन किए हैं। मौसम की चुनौतियों के बाद भी अब तक केदारनाथ धाम में 61 हजार से ज्यादा भक्तों ने दर्शन किए।

केदार घाटी में बारिश और बर्फबारी के बीच बाबा केदार के दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को काफी उत्साह है। 3070 तीर्थयात्री हेली सेवा से केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। यमुनोत्री धाम में कपाट खुलने से अब तक 44 हजार, गंगोत्री धाम में 46 हजार और बदरीनाथ में लगभग 16 हजार से अधिक यात्रियों ने दर्शन किए हैं।

मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए 30 अप्रैल तक पंजीकरण बंद किया गया। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने बताया कि चारधामों में दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह है। केदारनाथ व बदरीनाथ धाम में मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराए जा रहे हैं। हेमकुंड साहिब के कपाट 20 मई को खुलेंगे। हेमकुंड के लिए अब तक 16 हजार श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। जबकि चारधाम यात्रा के लिए 21 लाख से अधिक यात्री पंजीकरण कर चुके हैं। केदारनाथ यात्रा में स्वास्थ्य विभाग ने सोनप्रयाग से केदारनाथ तक स्थापित एमआरपी में 974 यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच कर उपचार किया गया। इस मौके पर 5 यात्री शपथ पत्र देकर अपने जोखिम पर धाम के लिए रवाना हुए। सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र सिंह मार्तोलिया ने बताया कि 55 वर्ष तक के 700 और 55 वर्ष से अधिक उम्र के 274 यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच में ऑक्सीजन लेवल, ब्लड प्रेशर, शुगर और पल्स रेट जांची गई। 969 यात्री पैदल यात्रा के लिए स्वस्थ्य पाए गए। जबकि ऑक्सीजन लेबल और रक्तचाप अधिक होने की स्थिति में पांच यात्रियों को रुकने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने शपथपत्र भरकर स्वयं के जोखिम पर यात्रा की बात कही।

# देर रात तक जागने के ये बड़े नुकसान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 अप्रैल : रात को समय पर सोना और सुबह सूरज निकलने के बाद जागना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है। प्रकृति ने रात सोने के लिए और दिन काम के लिए बनाया है, लेकिन कुछ लोग देर रात यानी सुबह होने तक जागते हैं और आधे दिन तक सोते हैं। अगर हम कुदरत को दरकिनार करके अपना रास्ता अलग बनाएंगे तो उसका अंजाम हमें भुगतना ही होगा। अच्छी सेहत के लिए रात की नींद बेहद जरूरी है। रात को जल्दी सोना और सुबह 6 बजे तक उठना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है। देर रात तक जागने से सुबह हम देर तक सोते रहते हैं, जिससे हमारा भोजन ठीक से पचता नहीं और हमें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपको अक्सर देर रात तक काम करने या जागने की आदत है तो इस आदत को जल्द से जल्द बदल दीजिए। ये आदत आपको कई तरह की परेशानियां दे सकती है।

**देर रात तक जागने से सेहत को नुकसान:** देर रात तक जागने वाले लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। हाई ब्लड प्रेशर बढ़ने से बॉडी में अन्य बीमारियां जैसे ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट डिजीज के खतरे बढ़ने लगते हैं।देर रात तक जागने से भूख नियंत्रित करने वाले हार्मोन का स्तर भी प्रभावित होता है।देर रात तक जागने से आप मानसिक रोगी बन सकते हैं। सुबह तक जागने से दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर पर बुरा असर पड़ता है, जिससे डिप्रेशन, एंग्जाइटी और सनक जैसी मानसिक बीमारियां हो सकती हैं।नींद पूरी नहीं होने की वजह से आपको दिन में mगाड़ी चलाते समय नींद की झपकी आ सकती है जिससे दुर्घटना होने का खतरा बढ़ जाता है।सुबह देर से उठने से बॉडी में आलस भरा रहता है जिससे काम करने में मन नहीं लगता।दिन तक सोने से सिर भारी रहता है और आंखों में दर्द और आंखों की कई समस्याएं लगातार बनी रहती है।रात भर जागने से दिमाग पर भी असर पड़ता है। देर रात तक जागने से भ्रम की समस्या पैदा हो जाती है। नींद पूरी नहीं होने के कारण ऐसी चीजें दिखती हैं जिनका असल में कोई अस्तित्व ही नहीं होता।



# गर्मी में ठंड का अहसास दिलाएंगे ये कपडे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 अप्रैल : गर्मी से बचने के लिए कपड़ों का चुनाव भी सही तरीके से करना होगा। तब जाकर चिलचिलाती धूप और पसीने से राहत मिल सकती है। सूती कपड़े , हाफ स्लीव शर्ट्स टी-शर्ट्स कई लोग मानते हैं कि उपरोक्त चीजों को खरीदने से राहत मिल जाएगी। मगर ये अधूरे ज्ञान की तरह है। आपको परफेक्ट समर ड्रेस खरीदने के साथ-साथ उसको सही तरीके से पहनना भी आना चाहिए। उनको सही तरीके से पहनने पर ही कम गर्मी लगेगी या धूप से बचाव होगा और पसीने से राहत मिलेगी।

**लूज कपड़े पहनें**

गर्मी के मौसम में लूज ड्रेस पहननी चाहिए। कई लोग बहुत टाइट कपड़े पहनते हैं जिसकी वजह से उनको काफी पसीना आता है। इसका कारण है कि त्वचा कपड़े से कस जाती है। इसके बाद पसीना और अधिक निकलने लगता है। इसलिए तंग कपड़े नहीं पहनने चाहिए। इससे न केवल पसीना निकलता है बल्कि आर्मपिट्स और अन्य जगह पर त्वचा छिल जाती है। इसलिए कभी भी गर्मी के सीजन में तंग कपड़ों को नहीं पहनें। टी-शर्ट, शर्ट्स, जींस आदि लूज होने से आराम मिलेगा। अगर आपको कंफर्म चाहिए तो इस बात को जरूर याद रखें।

**कैप / हैट व गॉगल्स**




फैशन एक्सेसरीज के तौर पर टोपी और सनग्लास को पहनना सही होगा। इसलिए किसी मेटल या अन्य चीजों को पहनने की बजाय ऐसी चीजों को पहनें जो धूप से बचाव करें। जैसे- कैप व हैट पहनें जो सिर को धूप से बचाएंगे और सनग्लास पहनें जिससे कि आंखों का बचाव होगा। इनको पहनने से आप कूल नजर आएंगे।



# लाइफस्टाइल : फ्रिज में रखा हुआ तरबूज खाने से हो सकती है घातक बीमारियां

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 अप्रैल : गर्मियों में तरबूज का सेवन करना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। तरबूज हमारे पेट के लिए भी बहुत लाभदायक होता है। इसमें 92 प्रतिशत पानी होता है, जो आपके शरीर को पानी की कमी होने से बचाता है। जिससे इम्युनिटी बूस्ट होती है और शरीर जल्दी से बीमारियों की चपेट में नहीं आ पाता है। तरबूज आपकी जेब पर भारी भी नहीं पड़ता है और सस्ते में आपको गर्मी से बचने में मदद करता है। लेकिन जहां एक तरफ यह बीमारियों से बचाता है वहीं दूसरी तरफ से यह हैजे जैसी खतरनाक बीमारी का कारण बन सकता है। कई बार आपने देखा होगा कि फ्रिज में रखी हुई चीजों का स्वाद भी बदल जाता है और उसे खाना सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होता है। ऐसे ही तरबूज को भी कभी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। क्योंकि यह हमारे स्वास्थ्य के हानिकारक हो सकता है। मोटे व्यक्ति के लिए तरबूज का सेवन करना बहुत फायदेमंद माना जाता है। यह फल वजन कम करने में काफी मददगार साबित होता है। तरबूज में कैलोरी की मात्रा बहुत कम पायी जाती है। यह फैट कम करने वालों के लिए बेहतर ऑप्शन माना जाता है।तरबूज को दिल की बीमारियों के लिए भी काफी लाभदायक माना जाता है। इसके सेवन करने से शरीर में पोटेशियम की कमी नहीं होती है। हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों के लिए यह फल बेहद सेहतमंद माना जाता है। तरबूज पेट में होने वाले कई तरह की बीमारियों से बचाने में आपकी मदद कर सकता है। यह आपकी आंत को स्वस्थ रखता है। इस फल में विटामिन बी और सी दोनों का कॉम्प्लेक्स होता है।



# उत्तराखंड के उत्तरकाशी को एफ.एम की मिली सौगात

## आकाशवाणी के एफएम 103.6 मेघा हर्ट्ज का पीएम मोदी ने किया शुभारंभ





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरकाशी , 29 अप्रैल , प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में 91 एफएम ट्रांसमीटर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इसी क्रम में उत्तरकाशी में भी आकाशवाणी एफ.एम ट्रांसमीटर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया। आकाशवाणी केंद्र मनेरा उत्तरकाशी में आयोजित कार्यक्रम में टिहरी संसदीय क्षेत्र की सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल,जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, ब्लाक प्रमुख मोरी बचन सिंह पंवार, डुंडा शैलेंद्र कोहली,जिलाध्यक्ष बीजेपी सतेंद्र सिंह राणा, भाजपा महिला जिलाध्यक्ष पूनम रमोला, प्रधान संगठन अध्यक्ष प्रताप सिंह रावत,गंगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक लोकेन्द्र बिष्ट, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र मटूड़ा,महंत विश्वनाथ मंदिर अजय पुरी,जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला,पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी,उपनिदेशक आकाशवाणी आर.सी बर्थवाल,सहायक निदेशक दूरदर्शन देहरादून कुलभूषण कुमार एसडीएम चतर सिंह चौहान, जिला युवा कल्याण अधिकारी विजय प्रताप भंडारी समेत अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा प्रधानमंत्री के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना।

सांसद टिहरी गढ़वाल माला राज्यलक्ष्मी शाह ने उत्तरकाशी के मनेरा में आकाशवाणी एफ.एम शुरू होने पर जनपद वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि आज जनपद में एफएम का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि अब जनपद में संचार का एक और साधन बढ़ गया है। एफएम के माध्यम से सुदूरवर्ती लोगों को देश की गतिविधियों की जानकारी मिलने के साथ ही सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं व मनोरंजन की सुविधा भी मिल सकेगी।

गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि सीमांत जनपद में आज आकाशवाणी एफ.एम का प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से विधिवत शुभारंभ किया गया। पीएम मोदी की दुर्गामी सोच और विजन से आज हर गरीब को सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे मिल रहा है। सीमांत जिले में आकाशवाणी एफ.एम के शुरू होने से स्थानीय लोगों को सरकार की नीतियों,योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आसानी के साथ अपने घर पर ही मिल सकेगी। उन्होंने कहा एफएम शुरू होने पर जिले में खुशी की लहर है। पुरोला विधायक दुर्गश्वर लाल ने जनपद वासियों को एफएम ट्रांसमीटर के शुरू होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जनपद में आकाशवाणी एफ.एम शुरू होने से लोगों को सटीक सूचनाएं एवं मनोरंजन की पहुंच बढ़ेगी। साथ ही लोकल संस्कृति एवं भाषाओ को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने उत्तराखंड के उत्तरकाशी को एफ.एम की सौगात देने पर पीएम मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# एसडीएम डोईवाला उतरे गेहूं के खेतों में ! ये थी वजह

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 29 अप्रैल , डोईवाला तहसील के अंतर्गत राजस्व ग्राम Fanduwala , न्याय पंचायत मारखम ग्रांट में शैलेंद्र सिंह नेगी उप जिलाधिकारी डोईवाला द्वारा रबी फसल की क्रॉप कटिंग की गई। क्रॉप कटिंग के दौरान सुनील जोशी किसान के खेत में 40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में गेहूं की खड़ी फसल को नाप कर क्रॉप कटिंग की गई ।क्रॉप कटिंग के पश्चात गेहूं को सुखाने के लिए रखा गया है ताकि गेहूं वास्तविक मात्रा प्राप्त किया जा सके तथा एक निर्धारित क्षेत्रफल में उत्पादित फसल का आकलन किया जा सके। मौके पर ही क्रॉप कटिंग का विवरण विभागीय ऐप में भी अपलोड किया गया। क्रॉप कटिंग के दौरान पंकज शर्मा लेखपाल दूधली, गुरदीप सिंह, राजेंद्र छेत्री, सीता देवी, पुष्पा देवी आदि किसान उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन अनियंत्रित होकर पलटा, तीन घायल

पौड़ी। पौड़ी-श्रीनगर राजमार्ग पर गडोली के समीप एक वाहन अनियंत्रित होकर सडक़ से नीचे पलट गया। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को पौड़ी-श्रीनगर राजमार्ग पर सुबह करीब छह बजे एक वाहन देहरादून से श्रीनगर होते हुए पौड़ी आ रहा था। जो गडोली के समीप अनियंत्रित होकर सडक़ से नीचे पलट गया। जहां पहले से ही खड़ी एक कार से जा टकराया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व राजस्व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त टाटा सूमो से घायलो को निकाल 108 के माध्यम से जिला अस्पताल पौड़ी भेजे गए। नायब तहसीलदार पौड़ी हरेंद्र खत्री ने बताया कि वाहन देहरादून से अखबार लेकर पौड़ी आ रहा था। वाहन में चार लोग सवार थे, जिनमें एक व्य ?क्ति सुरक्षित है। जबकि तीन को हल्की चोटें आई हैं। बताया कि टाटा सूमो दुर्घटना में एजाज निवासी लोअर बाजार पौड़ी, आशीष नेगी निवासी नानसू गांव ब्लाक कल्जीखाल और अमन सजवाण (चालक) निवासी पौड़ी गांव को हल्की चोटें आई हैं। बताया कि तीनों घायलों का उपचार जिला अस्पताल पौड़ी में चल रहा है।

### 126 मरीजों ने उठाया शिविर का लाभ

पौड़ी। हंस अस्पताल चमोलीसैंण में शिविर में कान, नाक और गला के 126 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में डा. कान, नाक और गला विशेषज्ञ समीर टोपनो ने कान, नाक और गला से सम्बंधित सभी बीमारियो के लिए अस्पताल आये मरीजों को देखा। बताया कि 21 मरीजों को आगे इलाज के लिए भर्ती किया जाएगा। जिनका दूरबीन विधि द्वारा और नॉर्मल ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में निशुल्क 37 अल्ट्रासाउंड, 11 सीटी स्कैन, एक्सरे, खून की जांचे की गई।

### इंजीनियरों ने उठाई समस्याओं को हल करने की मांग

पौड़ी। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने प्रदेश के सभी अभियांत्रिकी विभागों में एक समान सेवानियमावली लागू किए जाने की मांग की है। महासंघ 12 सूत्रीय मांगों के समाधान को लेकर बीते एक अप्रैल से चरणवद्ध आंदोलन कर रहा है। महासंघ का कहना है कि प्रदेश सरकार समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है, जिसके चलते डिप्लोमा इंजीनियरों को आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होना पड़ा है। महासंघ ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के निधन पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रस्तावित धरना स्थगित कर सिर्फ ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम पौड़ी ईला गिरी से मुलाकात की। इस मौके पर महासंघ के जिलाध्यक्ष ई. मुकेश कुमार व जिला सचिव ई. कौशिद अली ने बताया कि अपर सहायक अभियंता के वेतन में कई विसंगतियां हैं। जिन्हें दूर नहीं किया जा रहा है। कहा 2015 में शासनादेश के अनुसार कनिष्ठ अभियंता व अपर सहायक अभियंता की 10 साल की सेवा के बाद सहायक अभियंता का ग्रेड वेतन 5400 होगा। कहा प्रदेश के तीनों ऊर्जा निगमो में कनिष्ठ अभियंता से सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति कोटा 40 से बढ़ाकर 50 फीसदी किया जाय। डिग्रीधारी कनिष्ठ अभियंता का पदोन्नति कोटा 8.33 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाय। उन्होंने कहा कि लघु सिंचाई विभाग में वर्ष 2013 के बाद नियुक्त कनिष्ठ अभियंताओं को अपर सहायक अभियंता पदनाम व ग्रेड पे लाभ प्रदान किया जाय। महासंघ पदाधिकारियों ने बताया कि 12 सूत्रीय मांगों के समाधान को लेकर 1 अप्रैल से चरणवद्ध आंदोलन कर रहा है। लेकिन अभी तक सरकार की ओर से ठोस निर्णय नहीं लिय गया है। कहा समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन उग्र किया जाएगा। इस दौरान महासंघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष पौड़ी प्रवीण राणा, सचिव शानु कुमार, अजय कुमार, मयंक शैली, जीएस कोंडल, प्रदीप मंमगाई, प्रशांत चौहान, गजेंद्र, अजीत, हरीश, मौ. इस्लाम, नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# गुड न्यूज़ : क्या आप भी बनना चाहते है सेना के अफसर ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 अप्रैल , अगर आप भी भारतीय सेना में ऑफिसर की नौकरी पाने की इच्छा रखते है तो हमारी ये खबर आपके लिए बड़ी खुशखबरी है. अब भारतीय सेना में तकनीकी प्रवेश योजना (TES) के तहत पांच साल के बजाय चार साल में ऑफिसर बनेंगे. इसके लिए भारतीय सेना तकनीकी प्रवेश योजना (TES) के तहत एंट्री लेवल के अधिकारियों के लिए चार वर्षीय (3+1) मॉडल रखने का फैसला किया है. यह योजना वर्ष 2024 से लागू होगा. सुत्रों के अनुसार मॉडल में कैडेट ट्रेनिंग विंग्स (CTWs) में तकनीकी प्रशिक्षण पर केंद्रित तीन साल का प्रशिक्षण शामिल है, इसके बाद देहरादून में भारतीय सैन्य अकादमी (IMA) में एक साल का बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण शामिल है.चार वर्षीय प्रशिक्षण मॉडल यह सुनिश्चित करेगा कि भारतीय सेना की इकाइयों में युवा अधिकारी एक अतिरिक्त वर्ष के लिए देश की सेवा करें. अंतिम वर्ष में IMA में प्रदान किए जाने वाले सामान्य बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण (BMT) के परिणामस्वरूप TES और IMA GCs (पूर्व NDA/ACC/DE पाठ्यक्रम) के बीच बेहतर कॉमरेडरी बनेगी. CTWs और IMA में प्रशिक्षण के लिए संचयी क्रेडिट को BTech की मान्यता के लिए गिना जाएगा. इसे मार्च 2023 में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा अनुमोदन के लिए प्रदान किया गया है.



B.Tech ग्रेजुएट के रूप में भारतीय सेना में अधिकारियों के एडमिशन के लिए वर्तमान में पांच वर्षीय तकनीकी प्रवेश योजना (TES) मॉडल मौजूद है, जिसे वर्ष 1999 में पेश किया गया था. इस मॉडल में अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (OTA) बिहार के गया में एक वर्ष का सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है. इसके बाद, कैडेट ट्रेनिंग विंग्स (CTWs) में तीन साल की बीटेक डिग्री प्रदान की जाती है, इसके बाद एक साल भारतीय सेना के तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों मिलिट्री इंजीनियरिंग कॉलेज (CME) पुणे, मिलिट्री कॉलेज ऑफ़ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (MCTE) मध्य प्रदेश के महू में और मिलिट्री कॉलेज ऑफ मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (MCEME) सिकंदराबाद में दिया जाता है.इन वर्षों में यह देखा गया कि मौजूदा पांच साल के प्रशिक्षण मॉडल में कुछ अंतर्निहित कमियां हैं, जिनकी समीक्षा की आवश्यकता है. यह भी देखा गया कि पांच वर्षीय प्रशिक्षण मॉडल तीनों सेवाओं के बीच किसी भी बीटेक फ्रेशर के लिए सबसे लंबी प्रशिक्षण अवधि थी. OTA में प्रदान किए जाने वाले BMT के लिए कैडेटों को कोई क्रेडिट नहीं दिया जा रहा था और TES कैडेटों का IMA में नियमित प्रवेश कैडेटों के साथ कोई संपर्क नहीं था. इसके अलावा, चूंकि कोई सामान्य बेंचमार्क नहीं था. TES एंट्री जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) को कमीशन पर आईसी नंबर (सर्विस नंबर) एन-ब्लॉक जूनियर से IMA GC (पूर्व एनडीए / एसीसी / डीई कोर्स) आवंटित किए जाते हैं.

# अब हरिद्वार से हर रविवार चलेगी ये सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 29 अप्रैल : अब बड़ोदरा के लिए हरिद्वार जिले से हर रविवार को सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन चलेगी। गर्मी के दिनों यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए रेलवे ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के वातानुकूलित कोच के अलावा स्लीपर और सामान्य कोच लगाने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह के अनुसार साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन महीने में चार चक्कर लगाएगी। बताया कि बड़ोदरा से हर शनिवार हरिद्वार के लिए यह ट्रेन चलेगी। जबकि हर रविवार को हरिद्वार से बड़ोदरा के लिए यह ट्रेन चलेगी।यात्रियों की संख्या में हो रहे इजाफे को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल की ओर से आठ ट्रेन में अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाए जाने का फैसला लिया है। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि आनंद विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतिहारी के बीच चलने वाले ट्रेन में 29 अप्रैल से एक मई तक, बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलने वाली ट्रेन में 30 अप्रैल से दो मई तक कोच बढ़ाए जाएंगे।

देहरादून-इंदौर के बीच चलने वाली ट्रेन में 29 अप्रैल से पांच मई तक, इंदौर-देहरादून के बीच चलने वाली ट्रेन में 30 अप्रैल से छह मई तक, उज्जैन-देहरादून के बीच चलने वाली ट्रेन में तीन और चार मई तक, देहरादून-उज्जैन के बीच चलने वाली ट्रेन में दो से तीन मई तक, माता वैष्णो देवी कटरा-गाजीपुर सिटी के बीच चलने वाली ट्रेन में चार मई और गाजीपुर सिटी से माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली सभी ट्रेन में पांच मई को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच बढ़ाए जाएंगे।




# ऋषिकेश : स्नान कर रहा था श्रद्धालु, चोर ने उड़ा लिए कपड़े और 50 हजार कैश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


ऋषिकेश 29 अप्रैल : चारधाम यात्रा शुरू होते ही ऋषिकेश में चोर और अपराधी भी सक्रिय हो गए हैं। अगर आप ऋषिकेश में गंगा स्नान के लिए जा रहे हैं तो अपने सामान का ध्यान रखें। यहां चोर श्रद्धालुओं को अपना निशाना बना रहे हैं। हाल में त्रिवेणी घाट पर एक ऐसी ही घटना हुई। यहां एक श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचा था। तभी चोरों ने उसके कपड़ों और अन्य सामान पर हाथ साफ कर लिया। चोर कपड़े, 50 हजार कैश और मोबाइल समेत अन्य सामान लेकर रफूचक्कर हो गए। अब पीड़ित ने पुलिस से मदद मांगी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित पंकज गुप्ता निवासी हीरालाल मार्ग, ऋषिकेश त्रिवेणी घाट पर नहाने के लिए पहुंचे थे। वो गंगा में नहा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने उनके कपड़े चोरी कर लिए। पंकज ने बताया कि उनके कपड़ों में 50 हजार रुपये कैश, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और उनके कर्मचारी का मोबाइल रखा हुआ था। जब पंकज नहाकर वापस लौटे तो उनका सारा सामान गायब मिला। पीड़ित पंकज गुप्ता इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया, लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। त्रिवेणी घाट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली जा रही है। आप भी इस घटना से सबक लें और यात्रा के दौरान अपने सामान को लेकर लापरवाही बरतने की भूल कतई न करें।





# बद्रीनाथ धाम में स्वच्छता के लिए आगे आए आईटीबीपी के जवान



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बद्रीनाथ , 29 अप्रैल , उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के आरम्भ के साथ ही आईटीबीपी द्वारा श्री बद्रीनाथ धाम एवं इसके आस-पास स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। आईटीबीपी के जवानों द्वारा बद्रीनाथ मंदिर के निकट पहाड़ियों व जलस्रोतों को स्वच्छ रखने हेतु अभियान चलाया गया है। गुरूवार को श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर आईटीबीपी के जवानों द्वारा श्री बद्रीनाथ मंदिर के निकट दुर्गम पहाड़ी पर रैपलिंग करते हुए यात्रियों द्वारा फेंके गए कूड़े को हटाया गया। आईटीबीपी द्वारा यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। प्रशासन ने भी आईटीबीपी के जवानों के इस स्वच्छता अभियान की प्रंशसा की। इससे चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों को धामों व चारधाम यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने की प्रेरणा मिलेगी। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी आईटीबीपी के जवानों को श्री बद्रीनाथ धाम में स्वच्छता अभियान संचालित करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# टिहरी को पीएम की बधाई देना एक ऐतिहासिक पल : प्रेमचंद अग्रवाल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



टिहरी , 29 अप्रैल , कैबिनेट मंत्री, उत्तराखंड सरकार एवं जनपद प्रभारी मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने जिला योजना वर्ष 2023-24 की बैठक ली।जिला योजना समिति की बैठक में वर्ष 2023-24 हेतु जनपद के विकास के लिए 88 करोड़ 14 लाख 31 हजार रुपए का परिव्यय एवं कार्ययोजना प्रस्तावित एवं अनुमोदित किया गया।''जिला योजना की बैठक से पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. चंदन राम दास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा बैठक के अन्त में 02 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जिला सभागार नई टिहरी में मंत्री, वित्त, शहरी विकास एवं आवास, विधायी एवं संसदीय कार्य, जनगणना तथा पुनर्गठन उत्तराखंड सरकार एवं जनपद प्रभारी मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति वर्ष 2023-24 के परिव्यय एवं कार्ययोजना संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2023-24 हेतु जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास के लिए 8814.31 लाख रुपए का परिव्यय एवं कार्ययोजना प्रस्तावित कर अनुमोदित किया गया।इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिकारी जनपद में संचालित योजनाओं की जानकारी समिति के सदस्यों को भी देना/दिखाना सुनिश्चित करें और सदस्यों का भी दायित्व है कि समय-समय पर इन योजनाओं का निरीक्षण करें। कहा कि जिला योजना के अन्तर्गत परिव्यय मानकानुसार तय होता है और प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को प्रस्तावित किया जाता है, जिस विभाग का काम संतोषजनक नहीं होगा, उसके परिव्यय में कटौती जी जायेगी। सदन में समिति के सदस्यों द्वारा उठाए गये प्रकरणों एवं जिज्ञासाओं का समाधान करने हेतु मंत्री ने कहा कि अधिकारी एवं समिति के सदस्य आपस में तिथि तय कर एक बैठक करना सुनिश्चित कर लें।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि अधिकारी, जनप्रतिनिधि यह ध्यान रखें कि एक योजना पूर्ण होने के बाद ही दूसरी योजना शुरू करें और वही योजनाएं जिला योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित करें, जो साकार हो सकें। मंत्री जी ने कहा कि योजनाएं कम हो, किन्तु अच्छी एवं लम्बी चलने वाली हों। कहा कि अब इस्टीमेट लेने के बाद ही धनराशि आवंटित की जा रही है, ताकि बाद में धनराशि की कमी के कारण योजनाएं लम्बित न रहें। कहा कि योजनाओं के अन्तर्गत धनराशि अवमुक्त होने पर तुरन्त कार्य करना शुरू करें। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान सदस्यों द्वारा दिखोल गांव चम्बा में लगाये गये पॉलीहाउस के पॉलीथीन के संबंध में शिकायत की गई, जिस पर मंत्री ने सीडीओ को जांच करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने कहा कि जिन विभागों की प्रगति रिपोर्ट धीमी है, उनको निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक माह कार्य का विवरण उपलब्ध करायेंगे, जिसकी क्रास चेकिंग की जायेगी, उसके बाद ही धनराशि दी जायेगी। बताया कि जनपद में निराश्रित पशुओं हेतु नगरपालिका एवं नगर पंचायतों में गौशालाएं बनाये जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रत्येक ब्लॉक में भी क्षमता वृद्धिनुसार स्थान चिन्हित कर गौशाला विकसित की जायेंगी। बताया कि जनपद में 'अपणु स्कूल अपणू प्रमाण पत्र' के अन्तर्गत 18 हजार प्रमाण पत्र बनाये गये हैं।मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जिला योजना के अन्तर्गत मानकानुसार विभिन्न योजनाओं के तहत धनराशि प्रस्तावित की गई है। कहा कि 'एक गांव एक खेत' के अन्तर्गत एकीकृत खेती कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कार्य किये जाने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही सतत विकास लक्ष्य के अन्तर्गत भी थीम वाइज अधिकारी नामित किये गये हैं। रोजगारपरक एवं स्वालम्बी योजनाओं पर कार्य किया जा रहे हैं।इस मौके पर मा. सदस्यों द्वारा लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत 200-300 मीटर माप वाली सड़कों के निर्माण को जिला योजना में प्रस्तावित करने, सेरा शमसान घाट, कुकुरबागी चम्बा में सिंचाई नगर आदि के प्रस्ताव रखने की बात कही गई।



बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत टिहरी गढ़वाल सोना सजवाण, विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय, घनसाली शक्तिलाल शाह, धनोल्टी प्रीतम सिंह पंवार, प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी, अध्यक्ष नगरपालिका टिहरी सीमा कृषाली, ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी, प्रतापनगर प्रदीप रमोला, भिलंगना वासुमति घणाता, चम्बा शिवानी बिष्ट, जौनपुर सीता रावत, थौलधार प्रभा बिष्ट सहित जिला नियोजन समिति एवं जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।तत्पश्चात मंत्री द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार द्वारा अवगत कराया गया कि फरवरी माह, 2023 की प्रगति रिपोर्ट में जनपद टिहरी को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जिस पर . मंत्री द्वारा जिला स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम समिति को जनपद के प्रथम आने पर सराहना करते हुये आगे भी ऐसे ही कार्य कर जनपद की प्रथम वरीयता बरकरार रखने को कहा गया। कहा कि जनपद टिहरी के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रधानमंत्री द्वारा ट्वीट कर बधाई देना एक ऐतिहासिक पल है।इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार, जिला उपाध्यक्ष बीस सूत्री कार्यक्रम दिनेश डोभाल, डीडीओ सुनील कुमार, जिला अर्थ संख्याधिकारी साक्षी शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आपरेशन कावेरी" के तहत भारत पहुंचे 11 उत्तराखंडी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नई दिल्ली 29 अप्रैल , सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों को "आपरेशन कावेरी" के तहत भारत लाए जा रहे निकासी अभियान में शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के विमान में उत्तराखंड के 11 लोग भी वापस नई दिल्ली पालम एयरपोर्ट पहुंचे। नई दिल्ली पहुंचने पर इन 11 लोगों का उत्तराखंड के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा और सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी मनोज जोशी, अमर बिष्ट ने स्वागत किया। इस ग्रुप में गिरीश गरकोटी, अब्बल सिंह, भोला सिंह पंवार, अरविंद प्रसाद गैरोला, विनोद रावत, कुलदीप सिंह, गणेश सिंह, राजेश सिंह, बॉबी सिंह, नरेश कुमार और बिनोद कुमार सिंह शमिल हैं। इसके अलावा 03 और उत्तराखंडवासियों को कल देर रात्रि मुंबई एयरपोर्ट में उत्तराखंड के प्रतिनिधि चंद्रशेखर लिंगवाल द्वारा उत्तम सिंह रौतेला, प्रशांत कुमार चौधरी और योगेश को रिसीव किया गया। अभी तक "आपरेशन कावेरी" के तहत उत्तराखण्ड राज्य के कुल 24 लोगों को वापस लाया जा चुका है ।

# नई शिक्षा नीति से रोजगार पैदा करने वाले युवा होंगे तैयार : चौहान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

विकासनगर। ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को जी-20 युवा सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में ब्लॉक क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं समेत युवक मंगल दल, महिला मंगल दल के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत कर रहे विधायक मुन्ना चौहान ने जी-20 समूह के देशों की भौगोलिक, राजनैतिक परिस्थितियों की जानकारी मुहैया कराई। देश के समसामयिक मसलों पर बोलते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति हिंदुस्तान के भविष्य को स्वर्णिम दौर में ले जाएगी। शिक्षा नीति के तहत शिक्षण संस्थानों में सरकारी नौकरी का इंतजार करने वाले युवाओं के बजाय गांव से लेकर शहरों में उद्यम लगाकर रोजगार के अवसर पैदा करने वाले युवा तैयार किए जाएंगे। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति युवाओं को अपनी संस्कृति, पौराणिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विरासतों से भी परिचित कराएगी। स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए विधायक ने बताया कि कोविड महामारी के चरम काल में पूरे विश्व ने भारत की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लोहा माना। भारत ने अपने नागरिकों की रक्षा करने के साथ ही विदेशों को भी दवा और वैक्सीन मुहैया कराई। कहा कि कोविड काल के बाद से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुआ है। अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू समेत कई अन्य सुविधाएं विकसित की गई है। प्रधानमंत्री के स्टार्टअप मॉडल के बारे में कहा कि स्टार्टअप ने युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित की है। युवा अपने गांव, कस्बों में ही कई नए आविष्कार कर रहे हैं, जिनका लाभ आम जनता को भी मिल रहा है। विधायक ने युवाओं को देश और विदेश की समसामयिक घटनाओं की जानकारी रखने और उन पर आपस में चर्चा करते रहने की सलाह दी। सेमिनार में मौजूद छात्र-छात्राओं ने भी विभिन्न मसलों पर सारगर्भित विचार रखे। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह, कनिष्ठ उप प्रमुख रेणू खान आलिम, बीडीओ आतिया परवेज, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पुष्पेंद्र त्यागी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र फोनिया आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को अच्छी गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध हो : मुख्य सचिव



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 अप्रैल,मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में शिक्षा विभाग के साथ क्लस्टर विद्यालय के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित क्लस्टर विद्यालय शिक्षण अधिगम को गुणवत्तापरक एवं रूचिकर बनाने के उद्देश्य से पठन-पाठन से सम्बन्धित मूलभूत सुविधायें विकसित कर उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र के रूप में विकसित किए जाएंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि इन क्लस्टर विद्यालयों में समुचित मात्रा में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल के लिए आने वाले समय में अधिकतम छात्र संख्या के अनुरूप मास्टर प्लान तैयार किया जाए। क्लस्टर स्कूल में समुचित अध्यापक, कक्षाकक्ष, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब और अन्य प्रयोगशालाओं आदि की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि क्लस्टर विद्यालयों में छात्रों के लिए आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन कर उन्हें छात्रों को आवागमन का किराया किस रूप में देना है इसके लिए भी अधिकृत किया जाए। इस समिति में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक आदि सम्बन्धित सभी विभागों का प्रतिनिधित्व रखा जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि ऐसे स्कूल, जो अत्यधिक दूर हैं और बच्चे इतने दूर आना जाना नहीं कर सकते, के लिए आवासीय स्कूलों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि आवासीय स्कूलों को पर्वतीय जनपदों के छोटे शहरों में खोला जा सकता है। ऐसे में उन आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों को अपने परिवार के साथ रहने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में एक नहीं बल्कि 5 से 7 आवासीय विद्यालय होने चाहिए। वर्तमान में संचालित आवासीय विद्यालयों में हॉस्टल की सुविधा को और बढ़ाया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि बच्चों को अच्छी गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध हो इसके लिए अच्छे सुझावों को लगातार अपनाने की आवश्यकता है। सचिव रविनाथ रमन ने बताया कि प्रदेशभर में माध्यमिक स्तर पर कुल 559 विद्यालयों को क्लस्टर विद्यालयों के रूप में विकसित किया जाएगा। इसी प्रकार प्राथमिक में 603 और पूर्व माध्यमिक में 76 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। सभी विद्यालयों के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। इस अवसर पर महानिदेशक माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा बंशीधर तिवारी, अपर सचिव शिक्षा योगेन्द्र यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# 15 सूत्रीय मांगों को लेकर फार्मासिस्टों ने दिया सांकेतिक धरना

पौड़ी। जिला अस्पतालों, पुलिस अस्पतालों, टीबी क्लीनिकों व इमरजेंसी सेवाओं में फार्मासिस्टों के पदों में वृद्धि करने, फार्मासिस्ट संवर्ग की राजपत्रित व अराजपत्रित सेवा नियमावली में संशोधन करने एवं फार्मासिस्ट एवं चीफ फार्मासिस्ट के पदों को यथाशीघ्र जीओ जारी करने समेत 15 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने सांकेतिक धरना दिया। इस मौके पर उन्होंने डीएम व सीएमओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इस मौके पर संगठन ने परिवहन मंत्री चंदन राम दास के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने सीएमओ कार्यालय में सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में शासन स्तर पर संगठन की मांगों को लेकर कई दौर की बैठकें और वार्ता की गई। लेकिन आज तक उन मांगों पर कोई सरकारात्क कार्रवाई नहीं हो पायी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आरपी कोहली ने कहा कि संगठन की ओर से दर्जनों बार शासन से पत्राचार किया गया। बावजूद इसके आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पायी। कहा कि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा।

# उत्तम क्वालिटी की सीएनजी बसें दौड़ने को तैयार है यूनियन : विजय वर्धन डंडरियाल



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 29 अप्रैल , देहरादून महानगर सिटी बस सेवा यूनियन ने देहरादून की सड़कों पर सीएनजी दौड़ाने की तैयारी कर ली है। संगठन की तरफ से अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल ने आरटीओ कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र दिया है इसमें कहा गया केंद्र सरकार/ राज्य सरकार/ वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना /अर्बन मोबिलिटी प्लान द्वारा सीएनजी वाहनों पर देहरादून नगर बस मार्ग हेतु 50% सब्सिडी एवं 50% लोन के साथ दिलाई जाने के संबंध में कहा गया क्योंकि संज्ञान में आया है कि देहरादून शहर में अर्बन मोबिलिटी प्लान के अंतर्गत 28 सीटर छोटी बसों को मुख्य मार्गों पर संचालन करने की योजना बनाई गई है इसलिए यदि राज्य सरकार के द्वारा प्रोत्साहन देने पर संचालकों द्वारा आरामदायक आधुनिक बसें जो सीएनजी से युक्त होगी देहरादून नगर में चलाई जा सकती है जिसके लिए यूनियन अपनी डीजल चालित बसों को रिप्लेस कर उत्तम क्वालिटी की सीएनजी बसें लाकर कर संचालन को तैयार है क्योंकि देहरादून नगर में नगर वासियों एवं पर्यटक स्थलों पर आने वाले यात्रियों को एक उत्तम क्वालिटी की परिवहन सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

# हत्या के प्रयास में शामिल अभियुक्त को हरिद्वार पुलिस ने दबोचा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 29 अप्रैल : एक फोन कॉल पर आ धमकती थी 10-15 युवकों की टोली गैंग बनाकर लडाई-झगडे की घटनाओं को देते थे अंजाम गैंग के सभी सदस्यों के पर कतरने की है तैयारी, जल्द लगेगी गैंगस्टर अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू किया बरामद गुंडई बर्दाश्त नहीं, पूरे का पूरा गैंग आएगा कानून के घेरे में – SSP अजय सिंहकोतवाली लक्सर दिनांक-25.04.2023 को भुरनी खतीरपुर लक्सर निवासी सौरभ सैनी द्वारा करीब 15-20 युवको पर धारदार हथियारों को लेकर उसके भाई उमंग के साथ मार पिटाई कर गंभीर रूप से घायल करने के सम्बन्ध में कोतवाली लक्सर पर दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0 अ0 सं0 -361/2023 धारा-147, 148, 149, 307, 504 भादवि0 कायम व पंजीकृत कराया गया ।विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि घायल उमंग सैनी गंभीर अवस्था में अस्पताल सीएमओ देहरादून में भर्ती कराया गया है। आरोपी युवकों के बारे में ये जानकारी भी मिली कि ये सभी मिलकर लक्सर क्षेत्र में ₹गैंग ऑपरेटर₹ करते हैं और अक्सर स्थानीय लोगों से मारपीट की घटनाओं को अंजाम देकर क्षेत्र में अपना खौफ फैला रहे हैं ।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए SSP अजय सिंह द्वारा दिए गए निर्देश पर काम करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी कर प्रकरण में शामिल वांछित अभियुक्त दीपक कुमार उर्फ दीप गांधी पुत्र स्व0 सुभाष निवासी ग्राम सोसायटी रोड रॉयल पैलेस के पीछे वार्ड न0 11 कोतवाली लक्सर हरिद्वार को घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू के साथ आज गिरफ्तार किया गया है। शेष फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार संभावित स्थानों पर दबिश देने के साथ ही प्रकाश में आए गैंग के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की तैयारी जारी है।



# कार्य की गुणवत्ता पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सोनिका, DM दून

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून दिनांक 29 अप्रैल , जिलाधिकारी सोनिका ने मसूरी माल रोड में निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्य की धीमी गति और माल रोड पर पड़े मलबे को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ ही संबंधित ठेकेदार को कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।





उन्होंने पिक्चर पैलेस चौक से लाइब्रेरी तक माल रोड का पैदल भ्रमण कर कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि तय समय पर कार्य पूर्ण किया जाए। साथ ही कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि लाइब्रेरी चौक से झूला घर तक सड़क का ब्लैक टॉप कर दिया गया है और झूला घर से लेकर पिक्चर पैलेस तक का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। कहा कि माल रोड पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया जाए, इसके लिए नगर पालिका से भी वार्ता की जाएगी। उन्होंने कहा कि माल रोड पर जहां भी सेफ जोन नहीं है के साथ ही निर्माणाधीन जगह पर बेरिकेट्स लगा दिए जाएंगे ताकि कोई दुर्घटना ना हो सके इसके लिए लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस को निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि माल रोड पर पर्यटकों की आवाजाही रहती है, तथा वर्षा फलस्वरूप कार्य में कुछ विलंब हो रहा है लेकिन उनका प्रयास है कि दिन के साथ रात्रि में कार्य कर माल रोड के सुधारीकरण कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कर लिया जाए।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जनसंपर्क किया

रुड़की। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने शुक्रवार को लक्सर क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत डोर-टू-डोर जाकर सरकारी कर्मचारियों से बात की। उन्होंने पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर एक मई को दिल्ली में प्रस्तावित संसद मार्च आंदोलन में भाग लेने की अपील की। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने लक्सर में बैठक की। मोर्चा जिलाध्यक्ष नवीन सैनी ने कहा कि सरकार की नई पेंशन स्कीम किसी भी बिंदु से राजकीय कर्मचारियों के हित में नहीं है। इसमें रिटायरमेंट के बाद उनका भविष्य सुरक्षित नहीं है। इसीलिए पेंशन की पुरानी व्यवस्था लागू कराने को राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन चलाया जा रहा है। जिला प्रभारी विवेक सैनी ने कहा कि 2024 में नए लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे मौके पर अगर सारे सरकारी कर्मचारी एक साथ आकर प्रमुखता से अपनी बात उठाएं, तो सरकार को उनकी मांग माननी ही पड़ेगी। बाद में मोर्चा पदाधिकारियों ने लक्सर में वृहद जनसंपर्क अभियान चलाया। इसके तहत उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के घर जाकर उन्हें एक मई को दिल्ली में प्रस्तावित मोर्चा के संसद मार्च आंदोलन की जानकारी दी। साथ ही उनसे इस आंदोलन में शत प्रतिशत मौजूदगी की अपील की। बैठक और जनसंपर्क में डॉ. केपी तोमर, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. राहुल, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. अतुल दुबे, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. प्रीति, डॉ. परीक्षित कुमार, प्रमोद कुमार, मांगेराम मौर्य, प्रीति, किरण, ममता पुरी, रेनू वशिष्ठ, मधुसूदन, दीपशिखा चौधरी, अपूर्वा भास्कर सहित काफी कर्मचारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

### प्रधानमंत्री का संवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण और संबोधन उनकी अद्वितीय संवाद क्षमता को सिद्ध करते हैं. जिस प्रभावी ढंग से वे अपने विचारों का संप्रेषण करते हैं, उसकी ख्याति वैश्विक स्तर पर है. इस क्रम में उनके मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' का एक विशिष्ट स्थान है. इस कार्यक्रम का सौवां एपिसोड आगामी 30 अप्रैल (रविवार) को 11 बजे प्रातः प्रसारित होगा. रेडियो एवं टेलीविजन के आगमन के बाद विभिन्न देशों में राजनेता इन माध्यमों से अपनी जनता से संवाद करते रहे हैं, लेकिन 'मन की बात' जैसे नियमित कार्यक्रम का कोई अन्य उदाहरण हमारे समक्ष नहीं है. आम तौर पर राजनेता जब अपना संबोधन देते हैं, तो उसमें राजनीति का पुट या प्रभाव होना स्वाभाविक है. यह बात प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों पर भी लागू होती है, लेकिन 'मन की बात' इस मामले में असाधारण है. अब तक के 99 एपिसोड का अगर सर्वेक्षण किया जाए, तो उसमें राजनीति का अंशमात्र भी परिलक्षित नहीं होता. वे हमेशा देश और जनता से जुड़े मुद्दों पर ही चर्चा करते हैं. इतना ही नहीं, वे भारत के कोने-कोने में विभिन्न तरीकों से शानदार काम कर रहे लोगों, जिन्हें उनके आसपास के अलावा बहुत कम ही भारतीय जानते हैं, की उपलब्धियों और योगदान का नियमित रूप से उल्लेख करते हैं. इससे न केवल समूचा देश प्रेरित होता है, बल्कि स्थानीय एवं व्यक्तिगत प्रयासों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार भी होता है. 'मन की बात' के पहले एपिसोड का प्रसारण आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से तीन अक्टूबर, 2014 को हुआ था. धीरे-धीरे बहुत से निजी रेडियो एवं टीवी नेटवर्क, सामुदायिक रेडियो और इंटरनेट चैनल भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करने लगे. अपने रेडियो संबोधनों में प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, बेटियों की शिक्षा, स्त्री सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, खेती, छात्रों की परीक्षा, आत्मनिर्भर भारत, जल संरक्षण, विज्ञान के महत्व, कला की महिमा आदि अनगिनत विषयों पर बातचीत की है. इस कार्यक्रम को एक अरब से अधिक लोग सुनते हैं और बहुत से स्थानों पर इसे सामूहिक रूप से सुना जाता है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मो.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ्रोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## पुलिस को देख छत से कूदा आरोपी, घायल

रुड़की। पुलिस ने एक मकान में गोकशी की सूचना पर छापेमारी कर एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा आरोपी पुलिस से बचने के चक्कर में छत से कूदकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही, गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी जहांगीर अली ने बताया कि मुखबिर ने सूचना देकर बताया कि गांव रहमतपुर के एक मकान में दो व्यक्ति गोकशी कर रहे हैं। थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छापा मारा। इस दौरान मौके से नशरुद्दीन निवासी रहमतपुर को 57 किलो प्रतिबंधित मांस व गोकशी के उपकरणों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, दूसरा आरोपी अय्यूब उर्फ छोटन निवासी भरापुर भौरी थाना बहादराबाद गिरफ्तारी से बचने के लिए मकान की छत से कूदकर भागने की कोशिश में गिरकर घायल हो गया।

## पदोन्नति पर न्यायिक अधिकारी को किया सम्मनित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुड़की। लक्सर में तैनात अपर जिला जज को न्याय विभाग ने पदोन्नत कर जिला जज बना दिया है। वे अब जनपद पिथौरागढ़ में बतौर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अपनी सेवा देंगे। पदोन्नति पर शुक्रवार को सिविल बार ने समारोह में उन्हें सम्मानित किया, साथ ही तबादले पर विदाई भी दी गई। लक्सर में अभी तक न्यायिक अधिकारी शंकर राज एडीजे पद पर तैनात थे। हाल ही में उन्हें प्रमोशन देकर जनपद पिथौरागढ़ में डीजे (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) के पद पर भेजा गया है। इसे लेकर लक्सर सिविल बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को बार सभागार में समारोह आयोजित किया। बार अध्यक्ष आनंद उपाध्याय ने इसकी शुरूआत की। कहा कि आमजन सबसे ज्यादा भरोसा न्यायपालिका पर करता है। उनका यह भरोसा न टूटे, बार और बेंच को इसके लिए सामूहिक प्रयास करना चाहिए। संचालन कर रहे सहदीप सिंह ने कहा कि न्यायिक अधिकारी साक्ष्यों के साथ ही अपने विवेक और संवेदनशीलता के साथ इस जिम्मेदारी को पूरा करते हैं। बाद में अधिवक्ता अनूप सिंह पुंडीर, राजेश सैनी, चौधरी भूप सिंह, चंद्रपाल सिंह, मनोज कुमार, श्यामलाल, मनोज सैनी, विकास पुंडीर, अर्जुन, शिवानी, रामपाल सिंह, सचिन कुमार, नितिन कुमार, राजेंद्र कुमार, भूपेंद्र कुमार, घोषित कुमार, पंकज कुमार, उज्जवल उपाध्याय अनुराग ने प्रमोशन पर न्यायिक अधिकारी शंकर राज को सम्मानित किया। साथ ही तबादला होने पर उन्हें विदाई भी दी। वकीलों ने समारोह में मौजूद एसीजेएम सीमा डूंगराकोटि, सिविल जज (जेडी) अनुराग त्रिपाठी और कुटुंब न्यायाधीश विवेक द्विवेदी का भी स्वागत किया।

## पांचवी एशियन यूथ एथलेटिक्स में राज्य के तीन एथलीटों ने बढ़ाया मान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून। ताशकंद उज्बेकिस्तान में आयोजित पांचवी एशियन यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तराखंड के तीन एथलीटों ने एक गोल्ड, एक सिल्वर व एक ब्रांज मैडल जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है।

1500 मीटर रेस में स्पोट्र्स कालेज के प्रियांशु ने 3 मिनट 57.37 सेकेंड के साथ गोल्ड मेडल और स्पोट्र्स कालेज में ही प्रैक्टिस कर रहे हरिद्वार के राहुल सरनालिया ने 3 मिनट 59.43 सेकेंड के साथ सिल्वर मैडल प्राप्त किया। दोनों एथलीटों के कोच स्पोट्र्स कालेज के लोकेश कुमार हैं। राहुल ने एथलेटिक्स की शुरूआत एसटीसी काशीपुर में चंदन सिंह नेगी से प्रशिक्षण प्राप्त करके की।

10 हजार मीटर रेस वॉक में कारबारी देहरादून के बबेन्द्र सिंह ने 43 मिनट 16.95 सेकेंड के समय के साथ ब्रांज मेडल जीता। कारबारी ग्रांट के ही हिमांशु कुमार ने 43 मिनट 59.60 सेकेंड के समय के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। इन दोनों एथलीटों के प्रशिक्षक कारबारी के प्रवीण पुरोहित हैं। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के चार एथलीटों ने हिस्सा लिया। चारों एथलीट व उनके प्रशिक्षकों को उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष संदीप शर्मा, सचिव केजेएस कलसी, ओलंपियन मनीष रावत, एमसी शाह, गुरुफूल सिंह, गुरमीत सिंह, अनूप बिष्ट, प्रीतम बिंद, पाकिंदर सिंह, नीरज शर्मा, मनीष भट्ट, चंदन सिंह, रविन्द्र रौतेला, पंकज डिमरी ने शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

# मंत्री रेखा आर्या ने बैठक में उपस्थित ना होने पर जिलाधिकारी को दिए स्पष्टीकरण मांगने और वेतन रोकने के निर्देश

## नैनीताल की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने ली जिला योजना की बैठक






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल , 29 अप्रैल , हल्द्वानी में जनपद की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में जिला नियोजन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई।बैठक से पूर्व सभागार में दिवंगत कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की गई। बैठक में 64 करोड 98 लाख 14 हजार का परिव्यय जिला योजना समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया। जनपद के लिए अनुमोदित परिव्यय में से सामान्य के लिए 51 करोड 76 लाख 14 हजार, अनुसूचित जाति उप योजना के लिए 12 करोड 47 लाख व अनुसूचित जनजाति उप योजना के लिए 75 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया। गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में रुपये 51 करोड़ 51 लाख परिव्यय के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष में 64 करोड 98 लाख 14 हजार का परिव्यय किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 जिला योजना में 26 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। बैठक में अधिशासी अभियंता जलसंस्थान रामनगर के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण के साथ ही वेतन रोकने के निर्देश प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने दिये।

उन्होंने कहा कि स्थानीय प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन करें साथ ही योजनाओं की मूल भावना को साकार रूप दिया जा सके इसके लिए जनप्रतिनिधियों व अधिकारी आपसी समन्वय से समाज हित में कार्य को पूर्ण करें। उन्होंने जलसंस्थान व जलनिगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जलजीवन मिशन के अर्न्तगत हर घर को नल व जल उपलब्ध कराने के साथ ही विद्यालय व आंगनबाडी को भी पेयजल से आच्छादित किया जाना है। सम्बन्धित अधिकारी इस कार्य का परीक्षण भी कर लें। उन्होंने कहा जिला योजना के अन्तर्गत जो नये कार्य के प्रस्ताव लिये जा रहे हैं उन्हें निर्धारित अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रभारी मंत्री ने अवगत कराया कि इस वर्ष जिला योजना की धनराशि में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।इस दौरान बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा कई समस्याएं उठाई गईं।हल्द्वानी विधायक सुमित हरदेश्य ने शहर में पेयजल के लीकेज की समस्या उठाई जिसपर प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को लीकेज की समस्या को जल्द दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत की गई कि उरेडा द्वारा क्षेत्र में स्थापित सोलर लाईट पर कम्प्लेन नम्बर रहता है जिससे कि लाइट में खराबी आने पर सूचित किया जा सके किंतु अधिकतर नम्बर पर सम्पर्क नहीं हो पाता। इस सम्बंध में प्रभारी मंत्री ने परियोजना अधिकारी उरेडा को इस वर्ष स्थापित होने वाली लाइट में विभागीय नम्बर अंकित करने को कहा जिससे किसी भी प्रकार की खराबी आने पर आमजनमानस विभाग को सूचित कर सके जिससे विभाग अपने स्तर से सम्पर्क कर समस्या का निवारण कर सके।

**जिला योजना में करीब 64 करोड़ की धनराशि हुई अनुमोदित**

वही बैठक में प्रभारी मंत्री ने जल संस्थान के अधिकृत अधिकारी के उपस्थित ना होने को लेकर जिलाधिकारी को स्पस्टीकरण मांगने और वेतन रोकने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जिलायोजना की बैठक बार -बार नही होती है ऐसे में इस तरह की महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारी के उपस्थित नही होने से उनके कार्य करने की शैली पता चलती है।बैठक में जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जिला योजनान्तर्गत विभागों को समय पर बजट मिले और समय पर ही खर्च हो और योजनाओं का लाभ आमजन तक समय से पहुंचे। इस उद्देश्य से नियत समय पर आज यह बैठक कर योजनाओं का अनुमोदन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रस्ताव जनोपयोगी वास्तविकता, व्यवहारिकता हों इसकी जिम्मेदारी जितनी अधिकारियों की है उतनी ही जनप्रतिनिधियों की भी है। सभी विभाग समय पर धनराशि का पूर्ण सदुपयोग कर व्यय करना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहां की समय पर जिला योजना का अनुमोदन करने का मुख्य उद्देश्य और सरकार की मंशा है कि समय पर विभागों को बजट प्राप्त हो और और समय पर धनराशि व्यय हो ताकि जनता को योजना का उचित लाभ मिले।साथ ही कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक, वार्ता कर उनसे प्रस्ताव प्राप्त कर ही प्रस्ताव बने है फिर भी अगर किसी योजना की आवश्यकता नहीं है तो उन्हें परिवर्तित कर लिया जाए और 15 दिन में उनका अनुमोदन लेने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए।इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, विधायक डा0 मोहन सिंह बिष्ट, विधायक दीवान सिंह, विधायक सरिता आर्या,विधायक राम सिंह कैडा, विधायक सुमित हृदयेश, उपाध्यक्ष आन्नद सिह दरम्वाल, ब्लाक प्रमुख गीता बिष्ट,कमलेश कैडा, रेखा रावत,रूपा देवी,पुष्पा नेगी, रवि कन्याल, डा हरीश बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य मीना चिलवाल, भावना कमलेश, नरेन्द्र चौहान, कमलेश बिष्ट, दीपक मेलकानी, किशारी लाल, सदस्य सैफी रूबीना के साथ ही एसएसपी पंकज भटट, मुख्य विकास अधिकारी डा0 संदीप तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 भागीरथी जोशी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 बीएस जंगपांगी, मुख्य उद्यान अधिकारी डा0 नरेन्द्र कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत,प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, अपर जिला संख्याधिकारी बीएस राणा, कमल मेहरा के साथ ही जिला पंचायत सदस्य व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जम्मू के प्रधानों ने जाने उत्तराखंड की पंचायतों के आय के स्रोत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। जम्मू कश्मीर से ग्राम प्रधानों व सरपंचों का एक दल शुक्रवार को ग्राम पंचायत बडक़ोट पहुंचा। वहां उन्होंने उत्तराखंड की पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और पंचायत की आय के स्रोतों को जाना। शुक्रवार को डोईवाला के बडक़ोट पहुंचे जम्मू कश्मीर के ग्राम प्रधानों व सरपंचों ने बडक़ोट ग्राम पंचायत की जमकर सरहाना की।

ग्राम प्रधान सुकेत्र गयेला, रेनु शर्मा ने कहा कि इस पंचायत में तरह-तरह के विकास कार्य किए गए हैं। जिससे आम जनता को तो फायदा मिला ही है, साथ ही ग्राम सभा में दुकानें बनाकर पंचायत की आय के साधन भी विकसित किए हैं। पंचायत की दुकानों से आने वाली आमदनी को ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में लगाया जा सकता है। हम भी अपनी पंचायत में जाकर ऐसे ही विकास कार्य करेंगे। सरपंच ग्राम पंचायत माताएं किस्तबार कश्मीर सिंह ने कहा कि उत्तराखंड की पंचायतों से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है और वह भी जम्मू जाकर वहां की पंचायतों को विकसित करने का काम करेंगे। ग्राम प्रधान बडक़ोट सरिता देवी ने कहा कि जम्मू से आए पंचायत प्रतिनिधियों को बडक़ोट ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी गई और उत्तराखंड में कैसे पंचायतों के काम होते है, कैसे पंचायत की आय होती है, उसके बारे में जानकारी दी गई है।

मौके पर रानीपोखरी प्रधान सुधीर रतूड़ी, अनिल कुमार, नोडल अधिकारी विजय शर्मा, जम्मू प्रधान रेनू शर्मा, प्रधान विजय शर्मा, कश्मीर सिंह, मोहम्मद आयूब, क्रांति किरन, दीप माला आदि उपस्थित रहे।

# मुनिकीरेती में अतिक्रमण पर चली जेसीबी

ऋषिकेश। जानकी सेतु के आसपास के फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पालिका प्रशासन क्षेत्र में लगातार कार्रवाई करने में जुटी है। शुक्रवार को पुल के पास वैकल्पिक मार्ग पर बने टीनशेड के अस्थायी गोदाम को जेसीबी से हटाया गया। अचानक हुई कार्रवाई से अन्य अतिक्रमणकारियों में भी हडक़ंप की स्थिति नजर आई। पीडब्ल्यूडी और नगरपालिका की संयुक्त कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी तनवीर सिंह मारवाह ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन और चारधाम यात्रा के मद्देनजर क्षेत्र में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। सडक़ों के किनारे घेरबाड़ करने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। अभी तक विभिन्न मार्गों से पालिका की टीम ने प्रशासन के सहयोग से काफी अतिक्रमण हटाया है। कार्रवाई के बाद दोबारा कब्जा करने वालों को सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी जा रही है। उधर, हरिद्वार बाईपास मार्ग और शहर में अतिक्रमण को लेकर प्रशासन व नगर निगम की कार्रवाई शुक्रवार को नहीं हुई। तहसीलदार अमृता शर्मा ने बताया कि बाईपास रोड से काफी अतिक्रमण हटाया दिया गया है। शहर के आंतरिक मार्गों पर घेरबाड़ करने वालों को चिह्नित किया जा रहा है। जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# आधुनिक पीओसीटी मशीन से होगी यात्रियों की जांच

ऋषिकेश। यात्रा ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में विभागीय चिकित्सालय के निरीक्षण के लिए सीएमओ डा. संजय जैन पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों से आवश्यक फीडबैक लिया। उन्हें हर तीर्थयात्री की गहनता से स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिए। सांस की गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को यात्रा से रोकने के लिए भी कहा। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय में वाहन चालकों की जांच के लिए लगे एसपीएस राजकीय चिकित्सालय के मेडिकल कैंप का भी जायजा लिया। बताया कि ट्रांजिट केंद्र में अभी तक यात्रियों की जांच मैनुअली की जा रही है, लेकिन जल्द ही हंस फाउंडेशन के सहयोग से आधुनिक पीओसीटी मशीन अस्पताल में स्थापित की जाएगी, जिससे यात्रियों की स्वास्थ्य जांच में आसानी होगी। मशीन के जरिए यात्रियों के शुगर और बल्ड प्रेशर की जांच होगी। हंस फाउंडेशन ही केंद्र में एक हेल्थ कियोस्क भी लगाने जा रहा है, जिसमें यात्रियों के हेल्थ स्क्रीनिंग की व्यवस्था होगी। कियोस्क में स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती फांउडेशन के जरिए होगी। सीएमओ ने बताया कि केंद्र में संचालित अस्पताल में फिलहाल हर तरह की आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हैं। तैनात स्टाफ यात्रियों के जांच के साथ ही बल्ड प्रेशर और शुगर व अन्य जांच कर रहा है। इन बीमारियों से ग्रसित यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। सांस से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित यात्री को यात्रा नहीं करने के लिए भी कहने के निर्देश दिए हैं। बताया कि रोजाना करीब 70 यात्रियों की जांच अस्पताल की जा रही है। निरीक्षण में सीएमएस डा. प्रदीप चंदोला आदि शामिल रहे।

# एक व दो मई को होगी डॉ.निशंक के रचना संसार पर मंथन हेतु ऋषिकेश में संगोष्ठी

देहरादून। साहित्यकार व हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के रचना संसार पर मंथन के लिए एक व दो मई को दो दिनी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन आश्रम में किया जाएगा। प्रेस क्लब में आयोजक हिमालय विरासत न्यास अध्यक्ष आश्ना नेगी, डॉ.सुप्रिया रतूड़ी व बालकृष्ण चमोली ने बताया कि इसका उदघाटन राज्यपाल लेज.( अप्र. )गुरमीत सिंह करेंगे। संगोष्ठी में देश विदेश से कई लेखक, साहित्यकार, शिक्षाविद हिस्सा लेंगे। रविवायीय पुस्तक वार्ता बेबिनार संरक्षक साहित्यकार डॉ.योगेन्द्र नाथ शर्मा अरुण ने बताया कि हिमालय विरासत न्यास 16 फरवरी 2021 से प्रत्येक रविवार को शाम चार से पांच बजे तक ऑनलाइन वेबीनार कर रहा है।